# A-0060 **No. of Pages: 20**

## AECC-H-101
## हिन्दी व्याकरण

Examination, 2026 (Feb.)

Time: 2 Hours Max Mark: 100

Roll No. (In figures):--------------------------------------------------------------------------------
अनुक्रमांक अंकों में

Roll No. (in words) :---------------------------------------------------------------------------------
अनुक्रमांक शब्दों में

Examination Centre: --------------------------------------------------------------------------------
परीक्षा केन्द्र

*Invigilator's Signature*

**DO NOT OPEN THE BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO.**

जब तक कहा न जाये,पुस्तिका न खोलें।

FIRST READ ALL THE INSTRUCTIONS / पहले सभी निर्देशों को पढ़ लें।

**Important Instructions** / महत्वपूर्ण निर्देश

1. This paper consists of 100 multiple choice questions (M.C.Q.). All questions are Compulsory and carry 01 mark each. There is no negative marking.
   इस प्रश्न पत्र में 100 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं व प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का है। गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जायेंगे।
2. Each question has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to choose an appropriate answer option and mark it on the OMR sheet.
   प्रत्येक प्रश्न के चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) एव (D) दिए गए हैं। आपको उपयुक्त उत्तर विकल्प का चुनाव कर उत्तर ओ.एम.आर प्रपत्र पर अंकित करना है।
3. For marking answers on OMR sheet, follow the detailed instructions given on the OMR Sheet.
   ओ0एम0आर0 प्रपत्र पर अपने सही उत्तर को चिन्हित करने के लिए प्रपत्र पर अंकित निर्देशों का पालन कीजिए।
4. Use only Blue or Black ball point pen for marking on OMR.
   ओ0एम0आर0 पर चिन्ह लगाने के लिए केवल नीली या काली बॉल प्वॉइन्ट पैन का ही इस्तेमाल कीजिए।

1. हिन्दी भाषा के आदिकाल की समय सीमा बताइए -
   (A) 1000-1500 ई० तक
   (B) 1100-1600 ई० तक
   (C) 1200-1700 ई० तक
   (D) 1300-1800 ई० तक

2. इनमें से कौन पश्चिमी हिन्दी की बोली है?
   (A) अवधी
   (B) मालवी
   (C) भोजपुरी
   (D) ब्रजभाषा

3. हिन्दी भाषा के विकास क्रम को कितने भागों में बांटा गया है?
   (A) एक
   (B) दो
   (C) तीन
   (D) चार

4. हिन्दी भाषा को संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार राजभाषा घोषित किया गया?
   (A) 341
   (B) 342
   (C) 343
   (D) 344

5. हिन्दी साहित्य का स्वर्णकाल किस काल को कहते हैं?
   (A) आदिकाल
   (B) पूर्व मध्यकाल
   (C) आधुनिककाल
   (D) उपरोक्त सभी

6. पहाड़ी उपभाषा के अन्तर्गत कौन सी बोली आती है?
   (A) गढ़वाली
   (B) कुमाऊँनी
   (C) नेपाली
   (D) उपरोक्त सभी

7. स्वन का एक नाम है -
   (A) ध्वनि
   (B) स्वनिम
   (C) ध्वनिग्राम
   (D) रूपविज्ञान

8. वर्नर के अनुसार ग्रिम नियम किस पर आधारित था?
   (A) घोषीकरण
   (B) मात्रा
   (C) स्वराघात
   (D) बलाघात

9. रूप परिवर्तन का क्षेत्र ध्वनि परिवर्तन की अपेक्षा कैसा होता है?
   (A) असीमित
   (B) सीमित
   (C) विस्तृत
   (D) संकुचित

10. 'आप जा रहे हैं'? कैसा वाक्य है?
   (A) सामान्य
   (B) विस्मयबोधक
   (C) प्रश्नवाचक
   (D) इनमें से कोई नहीं

11. भाषा में ध्वनि परिवर्तन के क्या कारण हैं?

(A) आभ्यंतर

(B) बाह्य

(C) उपरोक्त दोनों

(D) इसमें से कोई नहीं

12. 'र' किस प्रकार की ध्वनि है?

(A) संघर्षी

(B) पार्श्विक

(C) लुंठित

(D) इसमें से कोई नहीं

13. हिन्दी वर्णमाला में कितने वर्ण हैं?

(A) 50

(B) 51

(C) 52

(D) 53

14. भर्तृहरि ने किस ग्रन्थ की रचना की है?

(A) वाक्यपदीय

(B) रसमीमांसा

(C) काव्यग्रन्थ

(D) व्याकरणशास्त्र

15. मानक हिन्दी का मूल आधार कौन सी बोली है?

(A) ब्रजभाषा

(B) हिन्दुस्तानी

(C) रेख्ता

(D) खड़ी बोली

16. रसखान किस काल के कवि हैं?

(A) आदिकाल

(B) भक्तिकाल

(C) रीतिकाल

(D) आधुनिककाल

17. गद्य की विधाएँ कौन सी हैं?

(A) उपन्यास

(B) कहानी

(C) जीवनी

(D) उपरोक्त सभी

18. हिन्दी भाषा की कितनी उपभाषाएँ हैं?

(A) 3

(B) 4

(C) 5

(D) 6

19. 'हिंदी भाषा का इतिहास' नामक पुस्तक के लेखक हैं?

(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(B) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी

(C) बाबू गुलाब राय

(D) धीरेन्द्र वर्मा

20. हिन्दी भाषा के आधुनिककाल की समय सीमा क्या है?

(A) 1500 से अब तक

(B) 1600 से अब तक

(C) 1700 से अब तक

(D) 1800 से अब तक

21. 'वह मर गया'! में कौन सा वाक्य है?

(A) सामान्य

(B) प्रश्नवाचक

(C) विस्मयबोधक

(D) इनमें से कोई नहीं

22. दो क्रियाओं के मेल से बनी क्रिया कौन सी क्रिया कहलाती है?

(A) सकर्मक

(B) अकर्मक

(C) संयुक्त

(D) द्विकर्मक

23. 'हिंदी भाषा का उद्भव और विकास' नामक पुस्तक के लेखक का नाम बताइए?

(A) रामविलास शर्मा

(B) किशोरीदास बाजपेई

(C) उदयनारायण तिवारी

(D) इनमें से कोई नहीं

24. 'आबरू' किस भाषा का शब्द है?

(A) अरबी

(B) फारसी

(C) तुर्की

(D) अंग्रेजी

25. अपनी योग्यता का उचित ज्ञान कहलाता है?

(A) अभिमान

(B) गौरव

(C) मूढ़ता

(D) मूर्खता

26. जो किसी शब्द के पूर्व में जुड़कर एक नए शब्द की रचना करते हैं-

(A) सन्धि

(B) समास

(C) उपसर्ग

(D) प्रत्यय

27. बीसवीं सदी में भाषा वैज्ञानिक 'ब्रेआल' किस भाषा के थे?

(A) अंग्रेजी

(B) फ्रेंच

(C) चीनी

(D) स्पेनिश

28. वाक्य में प्रयुक्त शब्द किससे युक्त होता है?

(A) उपसर्ग

(B) प्रत्यय

(C) वृत्ति

(D) रूपिम

29. निम्न में से कौन सा वर्ण कंठ्य है?
   (A) छ
   (B) थ
   (C) ब
   (D) क

30. रूप परिवर्तन के क्या कारण हैं?
   (A) सरलता
   (B) स्पष्टता
   (C) नवीनता
   (D) उपरोक्त सभी

31. भाषा में ध्वनियों और वर्ण चिह्नों के सम्बन्ध का नाम है -
   (A) वर्ण
   (B) ध्वनि
   (C) लिपि
   (D) प्रतीक

32. अपभ्रंश का समानार्थी एक अन्य नाम क्या है?
   (A) पैशाची
   (B) मैथिली
   (C) अवहट्ट
   (D) ब्रजबुली

33. हिन्दी भाषा की कितनी बोलियाँ हैं?
   (A) 15
   (B) 16
   (C) 17
   (D) 18

34. मध्यकाल की समय सीमा है?
   (A) 1500-2000 ई० तक
   (B) 1600-1800 ई० तक
   (C) 1500-1700 ई० तक
   (D) 1500-1800 ई० तक

35. 'भाषायोगवशिष्ठ' के रचनाकार कौन हैं?
   (A) कविगंग
   (B) अमीर खुसरो
   (C) राम प्रसाद निरंजनी
   (D) इसमें से कोई नहीं

36. 'भाषा विज्ञान' नामक पुस्तक के लेखक हैं -
   (A) नामवर सिंह
   (B) भोलानाथ तिवारी
   (C) मलयज
   (D) लालबहादुर वर्मा

37. जयपुरी का एक अन्य नाम क्या है?
   (A) ढूढाणी
   (B) मेवाती
   (C) मालवी
   (D) बघेली

38. व्युत्पत्ति के आधार पर 'पंकज' कैसा शब्द है?
   (A) रूढ़
   (B) यौगिक
   (C) योगरूढ़
   (D) इसमें से कोई नहीं

39. गंगा का पर्याय नहीं है?
   (A) सुरसरि
   (B) देवपगा
   (C) भागीरथी
   (D) जलज

40. किसके उच्चारण में वायु अबाध गति से मुख विवर से बाहर निकलती है?
   (A) ध्वनि
   (B) स्वर
   (C) व्यंजन
   (D) वर्ण

41. 'चमत्कार' शब्द में कौन सा लिंग है?
(A) स्त्रीलिंग
(B) पुल्लिंग
(C) नपुंसकलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं

42. इनमें से अवधी किस उपभाषा के अन्तर्गत आती है?
(A) बिहारी
(B) राजस्थानी
(C) पश्चिमी हिन्दी
(D) पूर्वी हिन्दी

43. प्राचीन ग्रन्थ 'निरुक्त' के रचयिता कौन हैं?
(A) भरतमुनि
(B) मम्मट
(C) यास्क
(D) भामह

44. अर्थ परिवर्तन की कौन सी दशाएं होती हैं?
(A) अर्थ विस्तार
(B) अर्थ संकोच
(C) अर्थादेश
(D) उपरोक्त सभी

45. 'मुद्रा' शब्द में कौन सा लिंग है?
(A) स्त्रीलिंग
(B) पुल्लिंग
(C) नपुंसकलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं

46. 'अच्छी हिंदी' नामक पुस्तक के लेखक हैं -
(A) रामचन्द्र शुक्ल
(B) भोलानाथ तिवारी
(C) रामचन्द्र वर्मा
(D) रामविलास शर्मा

47. 'बुढ़ापा' कौन सी संज्ञा है?

(A) व्यक्तिवाचक

(B) भाववाचक

(C) जातिवाचक

(D) समूहवाचक

48. 'मैं जाऊँगा' वाक्य में 'जाऊँगा' किस प्रकार का सम्बन्धसूचक रूपिम है?

(A) पुरुष

(B) काल

(C) लिंग

(D) कारक

49. खड़ी बोली की उत्पत्ति किस अपभ्रंश से हुई है?

(A) मागधी अपभ्रंश

(B) अर्द्धमागधी अपभ्रंश

(C) शौरसेनी अपभ्रंश

(D) ब्राचड अपभ्रंश

50. पूर्वी हिन्दी की बोली है?

(A) अवधी

(B) बघेली

(C) छत्तीसगढ़ी

(D) उपरोक्त सभी

51. जिस वाक्य में एक क्रिया व एक कर्ता हो उसे कहते हैं-

(A) सरल वाक्य

(B) संयुक्त वाक्य

(C) मिश्रित वाक्य

(D) उपरोक्त सभी

52. स्वर के उच्चारण में लगने वाले समय को क्या कहते हैं-

(A) बलाघात

(B) प्रयत्न

(C) मात्रा

(D) स्थान

53. अर्थ की दृष्टि से वाक्य के भेद हैं?

(A) विधानार्थक

(B) निषेधात्मक

(C) आज्ञार्थक

(D) उपरोक्त सभी

54. जिन व्यंजनों के उच्चारण में जीभ ऊपर उठकर झटके से नीचे आती है, वे कहलाते हैं-

(A) पार्श्विक

(B) कम्पनजात

(C) उत्क्षिप्त

(D) अनुनासिक

55. 'अध्यापक' कौन सी संज्ञा है?

(A) व्यक्तिवाचक

(B) जातिवाचक

(C) भाववाचक

(D) समूहवाचक

56. 'मृग' शब्द का मूल अर्थ था -

(A) शिकार

(B) शिकारी

(C) कोई भी पशु

(D) हिरन

57. 'नासिकेतोपाख्यान' के रचयिता कौन हैं?

(A) सदल मिश्र

(B) रामप्रसाद निरंजनी

(C) लल्लू लाल

(D) सदासुख लाल

58. 'सन्तुष्ट' शब्द है?

(A) तत्सम

(B) तद्भव

(C) देशज

(D) विदेशी

59. स्वनिम कितने प्रकार के होते हैं?

(A) खण्ड्य

(B) खण्ड्येत्तर

(C) उपरोक्त दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

60. पहाड़ी उपभाषा के अन्तर्गत कितनी बोलियाँ आती हैं?

(A) 3

(B) 4

(C) 5

(D) 6

61. ध्वनियंत्र को क्या कहते हैं?

(A) वाग्वय

(B) वाग्यन्त्र

(C) उपरोक्त दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

62. प्राकृत भाषा के भेद हैं?

(A) शौरसेनी

(B) पैशाची

(C) मागधी

(D) उपरोक्त सभी

63. 'अमीर' किस भाषा का शब्द है?

(A) तुर्की

(B) फारसी

(C) अरबी

(D) अंग्रेजी

64. 'दाल में कुछ मिला है' वाक्य में कौन सा सर्वनाम है?

(A) अनिश्चयवाचक

(B) पुरुषवाचक

(C) निजवाचक

(D) सम्बन्धवाचक

65. भाषा की लघुतम स्वतन्त्र इकाई को शब्द किसने माना है?
   (A) कामता प्रसाद गुप्त
   (B) भोलानाथ तिवारी
   (C) उपरोक्त दोनों
   (D) इनमें से कोई नहीं

66. 'दण्ड' शब्द में अर्थ परिवर्तन की कौन सी प्रवृत्ति है?
   (A) अर्थ संकोच
   (B) अर्थ विस्तार
   (C) अर्थादेश
   (D) इनमें से कोई नहीं

67. उच्चारण की गति को क्या कहते हैं?
   (A) सुर
   (B) तान
   (C) वृत्ति
   (D) आघात

68. प्रोक्ति किसे कहते हैं?
   (A) वर्णों के समूह को
   (B) शब्दों के समूह को
   (C) वाक्यों के समूह को
   (D) उपरोक्त सभी

69. 'ईश्वर सबका भला करे' किस प्रकार का वाक्य है?
   (A) विधानार्थक
   (B) आज्ञार्थक
   (C) इच्छाबोधक
   (D) संकेतार्थक

70. भोजपुरी किस उपभाषा की बोली है?
   (A) राजस्थानी
   (B) पहाड़ी
   (C) बिहारी
   (D) पूर्वी हिन्दी

71. भारतीय संविधान में हिन्दी भाषा को किस सन् में राजभाषा के रूप में मान्यता मिली?

(A) सन् 1949

(B) सन् 1950

(C) सन् 1959

(D) सन् 1952

72. प्रोक्ति के भेद हैं?

(A) संलाप

(B) एकालाप

(C) उपरोक्त दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

73. अर्थादेश का अर्थ है -

(A) अर्थ का संकुचित होना

(B) अर्थ का विस्तार होना

(C) मूल अर्थ के स्थान पर नया अर्थ

(D) कई अर्थ प्रचलित होना

74. 'ढेला' शब्द है-

(A) तत्सम

(B) तद्भव

(C) देशज

(D) विदेशी

75. 'वह आए तो मैं जाऊँ' में भविष्यत काल का कौन सा भेद है?

(A) सामान्य

(B) सम्भाव्य

(C) हेतुहेतुमद

(D) इनमें से कोई नहीं

76. जब जीभ नीचे की ओर रहती है तो मुख विवर पूरा खुला रहता है, इस स्थिति को क्या कहते हैं?

(A) संवृत

(B) विवृत

(C) अर्द्धसंवृत

(D) अर्द्ध विवृत

77. अपभ्रंश में किसके मिश्रण से डिंगल शैली का जन्म हुआ?

(A) मैथिली

(B) अवधी

(C) राजस्थानी

(D) कौरवी

78. फेंककर चलाये जाने वाला हथियार क्या कहलाता है?

(A) शस्त्र

(B) अस्त्र

(C) उपरोक्त दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

79. संस्कृत के मूल रूप से लिए गये शब्द कहलाते हैं?

(A) तत्सम

(B) तद्भव

(C) देशज

(D) विदेशी

80. 'कीर्तिलता' किसकी रचना है?

(A) चन्दबरदाई

(B) नरपति नाल्ह

(C) विद्यापति

(D) जगनिक

81. हिन्दवी शैली के प्रयोक्ता कौन हैं?

(A) अमीर खुसरो

(B) विद्यापति

(C) श्रीधर

(D) कल्लोल

82. 'वह रिक्शे से बाजार गया' वाक्य में कौन सा कारक है?

(A) कर्ता

(B) कर्म

(C) करण

(D) सम्प्रदान

83. किसी भी ध्वनि के उच्चारण में लगने वाले समय को क्या कहते हैं?

(A) मात्रा

(B) ह्स्व

(C) दीर्घ

(D) प्लुत

84. वाक्य में 'योग्यता' से क्या आशय है?

(A) समीपता

(B) अभिव्यक्ति

(C) पदक्रम

(D) क्षमता

85. हिन्दी भाषा की लिपि कौन सी है?

(A) खरोष्ठी

(B) ब्राह्मी

(C) देवनागरी

(D) गुरुमुखी

86. 'राजपुरुष' किस प्रकार का रूपम है?

(A) मुक्त

(B) मुक्तबद्ध

(C) बद्ध

(D) संयुक्त

87. हरियाणवी बोली का एक नाम है?

(A) बुंदेली

(B) बांगरू

(C) कनौजी

(D) मालवी

88. पाली मूलतः किस धर्म की भाषा रही है?

(A) वैदिक धर्म

(B) जैन धर्म

(C) बौद्ध धर्म

(D) सिक्ख धर्म

89. मानस्वरों की संख्या कितनी है?

(A) 5

(B) 6

(C) 7

(D) 8

90. वाग्यन्त्र के अवयव हैं?

(A) दांत

(B) ओष्ठ

(C) कंठ

(D) उपरोक्त सभी

91. 'घर आँगन' में कौन सा समास है?

(A) द्विगु समास

(B) द्वंद

(C) कर्मधारय

(D) बहुव्रीहि

92. सहस्वन (Allophone) के लिए कौन सा शब्द प्रचलित है?

(A) संध्वनि

(B) उपस्वन

(C) उपरोक्त दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

93. 'अनुपम' का पर्यायवाची है -

(A) अनोखा

(B) अद्‌भुत

(C) अनूठा

(D) उपरोक्त सभी

94. अवधी बोली का क्षेत्र नहीं है -

(A) फैजाबाद

(B) रायबरेली

(C) विलासपुर

(D) उन्नाव

95. देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता किससे स्पष्ट होती है?

(A) सरल एवं स्पष्ट

(B) एक ध्वनि हेतु एक वर्ण

(C) लेखन व उच्चारण में एकरूपता

(D) उपरोक्त सभी

96. किस समास में संज्ञा विशेषण अथवा अव्यय के साथ संज्ञा शब्द का प्रयोग होता है?

(A) द्विगु

(B) द्वंद

(C) अव्ययीभाव

(D) कर्मधारय

97. विशेषण के मुख्यतः कितने भेद होते हैं?

(A) 3

(B) 4

(C) 5

(D) 6

98. संलाप में होते हैं -

(A) वक्ता

(B) श्रोता

(C) उपरोक्त दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

99. 'वृत्ति' क्रिया के किस अर्थ का बोध कराती है?

(A) संकेतार्थ

(B) आज्ञार्थ

(C) संदेहार्थ

(D) उपरोक्त सभी

100. स्थान के अनुसार 'ण' कैसा वर्ण है?

(A) दन्त्य

(B) ओष्ठ्य

(C) मूर्धन्य

(D) तालव्य

*******************************